सत्यमेव जयते

भारत सरकार

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय

प्रशिक्षण महानिदेशालय

*****

# अपील

**"हिंदी दिवस"** के शुभ अवसर पर आप सभी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

हिंदी हमारी राष्ट्रीय अस्मिता की पहचान है और यह देश की एकता की मजबूत कड़ी के रूप में लगातार विशेष भूमिका निभाती रही है। हमारे विशाल और बहु-भाषी राष्ट्र के नागरिकों को एक मंच पर लाने में हिंदी भाषा का संपर्क भाषा के रूप में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। देश के अधिकांश भागों में लोगों द्वारा इसे परस्पर संपर्क और बोलचाल की भाषा के रूप में अपनाया जा रहा है। प्रशिक्षण महानिदेशालय, विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों के माध्यम से उद्योग जगत के लिए विभिन्न व्यवसायों में कुशल श्रमिकों के निरंतर प्रवाह को सुनिश्चित करने हेतु विविध योजनाओं के कार्यान्वयन द्वारा प्रशिक्षण प्रदान करता है। संस्थानों में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले अधिकतर प्रशिक्षणार्थी सुदूर क्षेत्रों व ग्रामीण परिवेश से संबंधित होते हैं। अतः प्रशिक्षण केंद्रों में प्रशिक्षणार्थियों को दिया जाने वाला प्रशिक्षण राजभाषा हिंदी में प्रदान किया जा रहा है जिससे वे प्रशिक्षण प्रक्रिया को सुचारू रूप से ग्रहण कर पा रहे हैं। साथ-ही-साथ प्रशिक्षण सामग्री भी राजभाषा हिंदी व क्षेत्रीय भाषा में भी उपलब्ध/तैयार की जा रही है।

मुझे आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि हम कौशल प्रौद्योगिकियों और नई तकनीकों का हिंदी माध्यम से प्रचार-प्रसार करेंगे। हमारा यह कर्तव्य बनता है कि अपने सरकारी कामकाज में हिंदी भाषा का प्रयोग बढ़ाए तथा संस्कृति में सबल होने के साथ-साथ सभ्यता, भाषा स्तर पर एक नई पहचान स्थापित करें।

मैं इस अवसर पर आप सभी से अपील करती हूँ कि हम हिंदी का अधिक से अधिक सरकारी कामकाज में प्रयोग करेंगे और हिंदी को लेकर राष्ट्र के लोगो में इसका गौरव बढ़ाएंगे ।

**जय हिंद।**

**(त्रिशलजीत सेठी)**

महानिदेशक/अपर सचिव

14 सितंबर, 2023